UNIVERSITY NEWS 05 NOVEMBER 2026

AMAR UJALA

लविवि में 50 देशों के छात्रों ने मनाया दीपोत्सव

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी के साथ दीपावली का पर्व मनाया। दीपोत्सव-2026 का आयोजन आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय बालक छात्रावास और बीरबल साहनी बालिका छात्रावास की ओर से किया गया। इसमें करीब 50 देशों के करीब 400 विदेशी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कुलपति ने विधि-विधान से लक्ष्मी-गणेश पूजन कर दीपोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि दीपावली जैसे त्योहार विभिन्न संस्कृतियों के बीच सेतु का काम करते हैं। लविवि के द्वितीय कैंपस में विधि संकाय के विद्यार्थियों ने भी दीपोत्सव मनाया। इसमें अभिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अमिता कनौजिया, द्वितीय परिसर के कुलानुशासक प्रो. अभिषेक कुमार तिवारी के अलावा उच्च न्यायालय के शासकीय अधिवक्ता श्री सुरेश चंद्र मिश्रा समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

सकारात्मक परवरिश से मजबूत होंगे रिश्ते

लखनऊ। महिला विद्यालय डिग्री कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी का बुधवार को समापन हुआ। दूसरे दिन ऑनलाइन शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। सत्र की अध्यक्षता टीएचडीसी खुर्जा के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. प्रभात कुमार ने की। मुख्य वक्ता लखनऊ विवि के मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. अर्चना शुक्ला ने कहा कि बच्चों के साथ संवाद, धैर्य, संवेदनशीलता और भावनात्मक सहयोग बेहद जरूरी है। सकारात्मक परवरिश से परिवार के रिश्ते मजबूत होते हैं। समापन सत्र में लविवि के हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग की डॉ. श्रुति ने विचार रखे। (माई सिटी रिपोर्टर)

डॉ. अरशद बने विभागाध्यक्ष

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के ओरिएंटल स्टडीज इन अरबी एंड पर्शियन विभाग का नया अध्यक्ष डॉ. से. अरशद अली जाफरी को बनाया गया है। कुलपति प्रो. जेपी सैनी की स्वीकृति के बाद कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी किया है। डॉ. जाफरी तीन वर्ष तक या अधिवर्षता आयु पूरी होने तक विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

AMAR UJALA

शहर की शान, लखनऊ विश्वविद्यालय





प्राप्ती

- कक्षा-12
- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, इंदिरा नगर

लखनऊ अपनी तहजीब, संस्कृति, ऐतिहासिक इमारतों और शिक्षा के लिए प्रसिद्ध है। हमारे शहर की पहचान में लखनऊ विश्वविद्यालय का विशेष स्थान है। यह केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं बल्कि हजारों विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने वाला संस्थान है। लखनऊ विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 1920 में हुई थी। इसका खूबसूरत परिसर, ऐतिहासिक इमारतें और हरा-भरा वातावरण हर किसी को आकर्षित करता है। यहां की प्रसिद्ध टैगोर लाइब्रेरी विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का खजाना है।

देश के अलग-अलग हिस्सों से विद्यार्थी यहां पढ़ने आते हैं। इस विश्वविद्यालय ने देश को अनेक विद्वान, वैज्ञानिक, शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी और सफल व्यक्तित्व दिए हैं। यहां विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ खेलकूद, कला, संस्कृति और लोगों के बीच काम करने के अवसर मिलते हैं। मुझे गर्व है कि हमारे शहर में इतना प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है। जब भी मैं इसकी ऐतिहासिक इमारतों को देखता हूं, तो मेरे मन में भी यहां पढ़ने का सपना जाग उठता है। लखनऊ विश्वविद्यालय हमें सिखाता है कि मेहनत, अनुशासन और शिक्षा से जीवन में बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। यह हमारी विरासत, हमारी पहचान और आने वाली पीढ़ियों की उम्मीद है। लखनऊ विश्वविद्यालय शहर का गौरव है।

NBT

एलयू में 6 से 11 नवंबर तक दिवाली अवकाश



■ NBT रिपोर्टर, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में दीपावली के मौके पर 6 से 11 नवंबर तक अवकाश घोषित किया गया है। एलयू के साथ ही संबद्ध कॉलेजों में भी अवकाश रहेगा। आदेश के अनुसार 6 नवंबर से 11 नवंबर तक विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों में अवकाश रहेगा। इस दौरान 6, 7 और 10 नवंबर को सभी शिक्षक अपने कक्षाएं आभासी माध्यम (ऑनलाइन मोड) से संचालित करेंगे। सभी अवकाश के दौरान ये विश्वविद्यालय के परिसर में पढ़ाई जारी रहेगी।

AMAR UJALA

एशिया रैंकिंग में फिसला लखनऊ विश्वविद्यालय

क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में इस साल 801-850 बैंड में पहुंचा लविवि

माई सिटी रिपोर्टर



समग्र स्कोर 20.9 से बढ़कर 22.6 हुआ लेकिन रैंकिंग गिरी

लविवि ने एशिया के 50.8 फीसदी संस्थानों से आगे होने का किया दावा

भाषा विवि को एशिया में मिला 1501 प्लस बैंड

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का समग्र स्कोर बढ़ने के बावजूद क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में प्रदर्शन पिछले वर्ष के मुकाबले कमजोर हुआ है। क्यूएस की 2027 की रैंकिंग में विश्वविद्यालय 801-850 बैंड में पहुंच गया है, जबकि 2026 में उसे 781-790 बैंड में जगह मिली थी। यानी स्कोर में सुधार के बावजूद विश्वविद्यालय रैंकिंग में पीछे खिसका है।

हालांकि, विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे सकारात्मक उपलब्धि के रूप में पेश किया है। जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, विश्वविद्यालय का समग्र स्कोर 2026 के 20.9 से बढ़कर 2027 में 22.6 हो गया है। वहीं, रैंकिंग में शामिल एशिया के संस्थानों में से 50.8 फीसदी विश्वविद्यालयों से बेहतर प्रदर्शन किया है। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 48.6 फीसदी था। रैंकिंग में लखनऊ विवि को भारत में 124वां और दक्षिण एशिया में 247वां स्थान मिला है।

पीएचडी धारक शिक्षकों के संकेतक में 83 अंक, अंतरराष्ट्रीय शोध नेटवर्क में 55 और विदेशी विद्यार्थियों के अनुपात में 55.2 अंक मिले हैं। क्यूएस फैक्ट फाइल के अनुसार, विश्वविद्यालय के 26,581 शोध पत्र और 29,159 उद्धरण दर्ज हैं। लविवि की निदेशक रैंकिंग प्रो. गीतांजलि ने बताया कि इस बार बहुत से नए विवि आने से रैंकिंग प्रभावित हुई है जिसमें से ज्यादातर निजी विश्वविद्यालय हैं। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने इस प्रदर्शन का श्रेय शिक्षकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों को दिया है।

HINDUSTAN

लखनऊ विश्वविद्यालय ने 50.8% संस्थानों को पछाड़ा

क्यूएस रैंकिंग



- लखनऊ विश्वविद्यालय के समग्र स्कोर में भी सुधार हुआ
- विश्वविद्यालय को इस बार 22.6 अंक मिले रैंकिंग में

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में अपनी स्थिति में सुधार करते हुए एशिया के 801-850 बैंड में जगह बनाई है। विश्वविद्यालय को भारत में 124वां और दक्षिण एशिया में 247वां स्थान मिला है। रैंकिंग के अनुसार विश्वविद्यालय ने एशिया के 50.8 फीसदी संस्थानों को पीछे छोड़ा है, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 48.6 फीसदी था।

रैंकिंग के लखनऊ विश्वविद्यालय के समग्र स्कोर में भी सुधार हुआ है। वर्ष 2026 में 20.9 अंक पाने वाले विश्वविद्यालय को इस बार 22.6 अंक मिले हैं। वर्ष 2023 में विश्वविद्यालय का स्कोर महज 5.2 था। इस तरह चार वर्षों में स्कोर में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रैंकिंग के विभिन्न मानकों में पीएचडी धारक शिक्षकों के संकेतक में विश्वविद्यालय को 83 अंक मिले हैं। अंतरराष्ट्रीय शोध नेटवर्क में 55 और अंतरराष्ट्रीय छात्र अनुपात में 55.2 अंक हासिल हुए हैं। क्यूएस फैक्ट फाइल के अनुसार विश्वविद्यालय के नाम 26,581 शोध पत्र और 29,159 साइटेशन (शोध उद्धरण) दर्ज हैं। एलयू कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि यह प्रगति शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, पारदर्शी शोध और वैश्विक मानकों के अनुरूप काम कर रहा है। आगे शोध, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने वैश्विक रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन के लिए शोध उत्कृष्टता, अंतरराष्ट्रीय भागीदारी और छात्र परिणामों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है।

तीन साल में चार गुना से अधिक स्कोर विवि का

लखनऊ विश्वविद्यालय के समग्र क्यूएस स्कोर में पिछले चार वर्षों में लगातार सुधार हुआ है। वर्ष 2023 में विश्वविद्यालय को 5.2 अंक मिले थे। वर्ष 2026 में यह बढ़कर 20.9 हो गया और 2027 में 22.6 तक पहुंच गया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा और रैंकिंग में शामिल होने वाले संस्थानों की संख्या बढ़ने के बावजूद विश्वविद्यालय ने अपना प्रदर्शन बेहतर किया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग एशिया में भाषा विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय को एशिया में 1501 प्लस रैंक बैंड, दक्षिण एशिया में 485 वां तथा भारत में 284 वां स्थान प्राप्त हुआ है। प्रतिष्ठित रैंकिंग में विश्वविद्यालय ने अकादमिक प्रतिष्ठा और नियोक्ता प्रतिष्ठा के मानकों पर भी 401 प्लस रैंक बैंड हासिल किया है।

HINDUSTAN

एलयू में विदेशी छात्रों ने मनाया दीपोत्सव

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे विदेशी छात्र-छात्राओं ने प्रकाशपर्व दीवाली का बड़े उत्साह के साथ दीपोत्सव 2026 के नाम से आगा किया । कुलपति प्रो जय प्रकाश सैनी ने वैश्विक सद्भाव की भावना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आचार्य नरेंद्र देव इंटरनेशनल यॉयज हॉस्टल और बीरबल साहनी गर्ल्स हॉस्टल की ओर से हुए आयोजन कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने विधि-विधान से लक्ष्मी-गणेश पूजन किया। कार्यक्रम में पारंपरिक उत्सव, सांस्कृतिक संवाद और सामूहिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

भारत का प्राचीन ज्ञान पूरे विश्व को नई दिशा दे रहा

लखनऊ। विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग एवं उत्तर प्रदेश स्टेट काउंसिल ऑफ हायर एजुकेशन की ओर से भारतीय ज्ञान परंपरा पर सामाजिक विमर्श एवं समकालीन शिक्षा विषय संगोष्ठी हुई। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने की। प्रो.जेपी सैनी ने कहा कि विश्व की ज्ञान परंपरा में भारत का स्थान हमेशा अग्रणी रहा है।

बैक पेपर, इंप्रूवमेंट परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा होगा

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने परीक्षा फॉर्म भरने और शुल्क जमा करने की प्रक्रिया में बदलाव किया है। अब बैक पेपर और इंप्रूवमेंट की परीक्षा देने वाले छात्र कॉलेजों में शुल्क जमा करने के बजाय सीधे समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फीस जमा कर सकेंगे।

इससे संबद्ध कॉलेजों में पढ़ने वाले हजारों छात्रों को राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही परीक्षा शुल्क के नाम पर निर्धारित रकम से अधिक पैसे वसूले जाने की शिकायतों पर भी लगाम लग सकेगी। विश्वविद्यालय ने रेगुलर परीक्षा के साथ ही बैक पेपर, इम्प्रूवमेंट परीक्षा फार्म भी जारी कर कर दिए हैं और 12 नवम्बर तक फार्म भरे जाने हैं।

अभी तक संबद्ध कॉलेजों में रेगुलर, बैक पेपर और इंप्रूवमेंट के परीक्षा फॉर्म भरने वाले छात्रों को परीक्षा शुल्क कॉलेजों में ही जमा करना पड़ता था। इस प्रक्रिया में कई बार छात्रों की ओर से निर्धारित फीस से अधिक रकम मांगी जाने के आरोप लगाए जाते थे। एलयू प्रवक्ता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने कहा कि छात्रों की सुविधा के लिए यह निर्णय लिया।

NBT

क्यूएस एशिया रैंकिंग 2027: LU को एशिया में 801-850 बैंड

एशिया के आधे से ज्यादा संस्थानों से आगे निकला LU

■ NBT रिपोर्टर, लखनऊ: क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में लखनऊ के दो विश्वविद्यालयों ने अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। लखनऊ विश्वविद्यालय को एशिया के 801-850 रैंक बैंड में जगह मिली है, जबकि लखनऊ यूनिवर्सिटी 1501+ रैंक बैंड में शामिल हुआ है। लखनऊ विश्वविद्यालय ने इस बार अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए भारत में 124वां तथा दक्षिण एशिया में 247वां स्थान हासिल किया है। ए ल यू ने एशिया के 50.8 प्रतिशत रैंक प्राप्त संस्थानों को पीछे छोड़ा है। वहीं, भाषा विश्वविद्यालय, पूर्व छात्रों और अधिकारियों-कर्मचारियों के सामूहिक परिश्रम का परिणाम है। वहीं कुलपति प्रो. अनन्त नरेना। ने इसे विश्वविद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया।

भाषा विवि ने भी रैंकिंग में बनाई जगह, एलयू ने 50.8% संस्थानों को पछाड़ा

विश्वविद्यालय को दक्षिण एशिया में 485वां और भारत में 284वां स्थान मिला है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के पिछले स्कोर की बात करें तो 2026 में 20.9 से बढ़कर 2027 में स्कोर 22.6 हो गया है। वर्ष 2023 में यह स्कोर 5.2 था। विश्वविद्यालय के शोध पत्रों की संख्या 26,581 ने रैंकिंग में अहम भूमिका निभाई है। एलयू जेपी प्रो. जेपी सैनी का कहना है कि क्यूएस एशिया रैंकिंग 2027 में एशिया के आधे से अधिक (50.8%) संस्थानों को पीछे छोड़ना निश्चित रूप से एक बड़ी उपलब्धि है। यह परिणाम विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों, पूर्व छात्रों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

विदेशी छात्रों के साथ कुलपति ने मनाई दीपावली



■ NBT रिपोर्टर, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विदेशी छात्र-छात्राओं के साथ कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने दीपावली मनाई। आचार्य नरेंद्र देव इंटरनेशनल बॉयज होस्टल और बीरबल साहनी गर्ल्स होस्टल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में करीब 50 देशों के 400 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने लक्ष्मी-गणेश पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि दीपावली जैसे त्योहार विभिन्न संस्कृतियों के बीच सेतु का काम करते हैं।

प्रो. अरशद जाफरी बने हेड

■ NBT रिपोर्टर, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. अरशद जाफरी को ओरिएंटल अरबी व पर्शियन का हेड बनाया गया है।

विवि की रजिस्ट्रार भावना मिश्रा की ओर से सोमवार को इसका आदेश जारी कर दिया गया है। इससे पहले तक यह जिम्मा अरबी फैकल्टी के डीन के पास रहता था क्योंकि विभाग के दोनों ही शिक्षकों के पास हेडशिप की अर्हता नहीं थी। शासन ने विवि की ओर से शिक्षकों को कनिष्ठ एडमिनिस्ट्रेशन के तहत प्रमोशन दिए गए।

AMRIT VICHAR

महिला बास्केटबॉल के ट्रायल 13 को

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद ने नॉर्थ जोन व ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स 2026-27 के लिए विश्वविद्यालय की महिला बास्केटबॉल टीम के चयन ट्रायल की घोषणा कर दी है। बास्केटबॉल क्लब की अध्यक्ष प्रो. शशि दानीवाला की ओर से जारी सूचना के अनुसार चयन परीक्षण 13 नवंबर को दोपहर 2:30 बजे से लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित शिवाजी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। ट्रायल में प्रतिभाग करने की इच्छुक महिला खिलाड़ियों को 12 नवंबर को सायं 5 बजे तक विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद कार्यालय (फॉलिंग ग्राउंड) में अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को पंजीकरण फॉर्म के साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, दर्तमान फीस रसीद (मूल प्रति), हाईस्कूल व इंटरमीडिएट अंकपत्र/प्रमाणपत्र और स्नातक अथवा परास्नातक अंकपत्र की छायाप्रति जमा करनी होगी।

लैंगिक उत्पीड़न पर किया जागरूक

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के प्रोबोनो क्लब द्वारा ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के विरुद्ध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह जागरूकता सत्र कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम पर केंद्रित था। प्रो. आलोक कुमार यादव, संकाय प्रभारी के मार्गदर्शन में और विद्यालय की प्रधानाचार्या रचना मिश्रा के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्र के दौरान कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की अवधारणा एवं उसके विभिन्न स्वरूपों, अधिनियम के उद्देश्य और प्रमुख प्रावधानों, लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम एवं निषेध तथा शिकायतों के निवारण की कानूनी प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यशाला का संचालन कोमल सिंह, नितिन विश्वकर्मा, अंशुल तिवारी व शिवरंजनी पुंडीर, जिज्ञासा श्रीवास्तव, ऋचा तिवारी, शांतनु यादव द्वारा किया गया।

लविवि में 11 तक दीपावली अवकाश

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे सहयुक्त महाविद्यालयों में दीपावली के अवसर पर 6 नवंबर से 11 नवंबर तक अवकाश घोषित किया गया है। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। अवकाश अवधि के दौरान विश्वविद्यालय में पूर्व निर्धारित परीक्षाएं और अन्य कार्यक्रम यथावत संपन्न कराए जाएंगे। वहीं, शिक्षण कार्य प्रभावित न हो इसके लिए 6, 7 और 10 नवंबर को सभी शिक्षक अपनी कक्षाएं आभासी माध्यम (ऑनलाइन मोड) से संचालित करेंगे।

जाफरी बने अरबी एंड पर्शियन के विभागाध्यक्ष

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के ओरिएंटल स्टडीज इन अरबी एंड पर्शियन विभाग में विभागाध्यक्ष पद पर नई नियुक्ति की गई है। कुलपति द्वारा डॉ. से. अरशद अली जाफरी को विभागाध्यक्ष पद के कार्यों एवं दायित्वों के निर्वहन हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा की ओर से आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार डॉ. जाफरी की यह नियुक्ति पत्र निर्गत होने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि, अधिवर्षता आयु प्राप्ति तक अथवा किसी अन्य आदेश के होने तक (जो भी पहले घटित हो) के लिए प्रभावी रहेगी।

HINDUSTAN TIMES

LU UPGRADES ARABIC AND PERSIAN STUDIES BOARD TO DEPARTMENT

LUCKNOW: Lucknow University has upgraded its Oriental Studies in Arabic and Persian board to a full-fledged department. The decision was taken at an executive council meeting last month. Syed Arshad Ali Jafri took charge as its full-time head on Wednesday. Founded in 1864 under Canning College, the board is among the university's oldest divisions. Oriental Studies in Sanskrit is the other historic division. HTC

UNIVERSITY NEWS 05 NOVEMBER 2026

AMRIT VICHAR



लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. जेपी सैनी और अंतरराष्ट्रीय छात्रों के साथ प्रो. आरपी सिंह

50 देशों के 400 अंतरराष्ट्रीय छात्र-छात्राओं ने मनाई दीपावली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कुलपति ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के साथ मनाई दिवाली
- विश्वविद्यालय के विदेशी मामलों के प्रो. आरपी सिंह की गौजूदगी में हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विदेशी छात्र-छात्राओं ने प्रकाशपर्व 'दीपोत्सव 2026' को धूमधाम से मनाया। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने वैश्विक सद्भाव की भावना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रूप से 'आचार्य नरेंद्र देव इंटरनेशनल बॉयज हॉस्टल' और 'बीरबल साहनी गर्ल्स हॉस्टल' द्वारा किया गया था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने विधि-विधान से लक्ष्मी-गणेश पूजन किया और दीपावली के पावन अवसर पर अंतरराष्ट्रीय छात्रों तथा विश्वविद्यालय समुदाय के सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि दीपावली जैसे त्योहार विभिन्न संस्कृतियों के बीच एक सेतु का काम करते हैं। ये आपसी समझ, मित्रता और वैश्विक सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी हॉस्टलों के प्रोवोस्ट, अन्य अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। करीब 400 अंतरराष्ट्रीय छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अमिता कनौजिया, अंतरराष्ट्रीय सहयोग निदेशक और अंतरराष्ट्रीय छात्र सलाहकार प्रो. आरपी. सिंह, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. आशीष अवस्थी, बीरबल साहनी गर्ल्स हॉस्टल की प्रोवोस्ट प्रो. मनीषा शुक्ला, प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, वर्क्स सुपरिंटेंडेट प्रो. विनीत कुमार वर्मा शामिल रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी हॉस्टलों के प्रोवोस्ट, अन्य अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

AMRIT VICHAR

एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग: लविवि व भाषा विवि ने दर्ज कराई उपस्थिति

लविवि ने एशिया के 50.8 फीसदी संस्थानों को पछाड़ा, भाषा विवि को देश में मिली 284वीं रैंक

- वैश्विक मुकाबले में लविवि का समग्र स्कोर 2026 के 20.9 से बढ़कर वर्ष 2027 में हुआ 22.6

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग एजेंसी 'क्वाकरेरेली साइमंड्स' (क्यूएस) द्वारा जारी 'क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027' में राजधानी के दो प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों लखनऊ विश्वविद्यालय और ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। लखनऊ विश्वविद्यालय को एशिया में 801-850 बैंड में रखा गया है, जबकि भाषा विश्वविद्यालय ने एशिया में 1501 प्लस रैंक बैंड हासिल किया है। वैश्विक पटल पर अपनी अकादमिक गुणवत्ता और शोध क्षमता को प्रमाणित करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर 124वीं रैंक और दक्षिण एशिया में 247वां स्थान हासिल किया है।

प्रमुख तथ्य

लखनऊ विश्वविद्यालय

- एशिया रैंक बैंड : 801-850
- भारत में स्थान : 124वां, दक्षिण एशिया : 247वां
- समग्र स्कोर : 22.6 (वर्ष 2026 में 20.9 था)
- पीएचडी फैकल्टी स्कोर : 83.0
- शोध कार्य : 26,581 शोध पत्र एवं 29,159 उद्धरण (साइटेशन)



ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय

- एशिया रैंक बैंड : 1501 प्लस
- भारत में स्थान : 284वां, दक्षिण एशिया : 485वां
- अकादमिक व नियोक्ता प्रतिष्ठा : 401 प्लस बैंड



रैंकिंग विश्लेषण के मुताबिक लखनऊ विश्वविद्यालय एशिया के 50 प्रतिशत से अधिक उच्च शिक्षण संस्थानों से आगे निकल गया है। विश्वविद्यालय ने एशिया के 50.8 प्रतिशत रैंक प्राप्त संस्थानों को पीछे छोड़ दिया है, जो पिछले वर्ष के 48.6 प्रतिशत के मुकाबले एक सशक्त बढ़त है। कड़े वैश्विक मुकाबले के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय का समग्र स्कोर वर्ष 2026 के 20.9 से बढ़कर वर्ष 2027 में 22.6 हो गया है। वर्ष 2023 में यह स्कोर 5.2 था।

विश्वविद्यालय ने 'पीएचडी संकाय' संकेतक में 83.0 का प्रभावशाली स्कोर हासिल किया है। अंतरराष्ट्रीय शोध नेटवर्क में 55.0 और अंतरराष्ट्रीय छात्र अनुपात में 55.2 का स्कोर रहा। क्यूएस फैक्ट फाइल के अनुसार विश्वविद्यालय ने 26,581 शोध पत्रों का योगदान दिया है और 29,159 उद्धरण दर्ज किए हैं। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि यह प्रगति कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कुशल मार्गदर्शन और विश्वविद्यालय परिवार के सामूहिक परिश्रम का सुफल है।

दूसरी ओर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने भी अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। भाषा विवि को दक्षिण एशिया में 485वां और भारत में 284वां स्थान मिला है। इसके अलावा अकादमिक प्रतिष्ठा और नियोक्ता प्रतिष्ठा के मानकों पर विश्वविद्यालय ने 401 प्लस रैंक बैंड हासिल किया है। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने समस्त शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इसे सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ेगा।

TIMES OF INDIA

China's nuclear buildup puts India strategy under strain: LU study

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: India's longstanding nuclear strategy is facing growing pressure from China's expanding nuclear arsenal, advanced missile technology and India's increasing reliance on nuclear-powered submarines, according to a research paper by a Lucknow University professor.

The study, titled India's Nuclear Posture Under Stress: The Future of Recessed Deterrence, authored by Ashutosh Singh, assistant professor in the department of western history at Lucknow University, has been published in the 2026 edition of the Journal of World Affairs: Voice of the Global South.



The paper examines whether India can continue its traditional policy of keeping nuclear warheads and their delivery systems separately stored during peacetime while ensuring an effective response to a nuclear attack.

This arrangement, known as "recessed deterrence", reduces the risk of accidental nuclear launches but requires additional time to prepare weapons for retaliation.

Citing estimates from the Stockholm International Peace Research Institute (SIPRI), Singh notes that India's nuclear stockpile increased from approximately 150 warheads in 2020 to 190 in 2026. SIPRI also estimates that India may have begun deploying 12 nuclear warheads aboard a nuclear-powered ballistic missile submarine during occasional patrols.

The study argues that China's expanding nuclear capabilities, sophisticated surveillance systems and precision-guided missiles have made India's traditional approach increasingly difficult to sustain.

Singh explains that nuclear-armed submarines offer India a crucial advantage because they can remain hidden underwater and retaliate even after an enemy's initial nuclear strike.

However, maintaining nuclear weapons aboard operational submarines requires greater readiness, secure communication systems and changes in traditional command arrangements.

The research also examines Pakistan's battlefield nuclear weapons and the changing military environment following Operation Sindoor in 2025.

Despite these developments, Singh finds no convincing evidence that India has abandoned its declared "no first-use" policy, under which nuclear weapons would not be used first.

Instead, the paper concludes that India is gradually adopting a more operationally prepared nuclear force while retaining its longstanding commitment to nuclear restraint.

The central finding is that India's nuclear doctrine remains unchanged, but the manner in which it maintains nuclear deterrence is evolving to meet emerging security challenges.

TIMES OF INDIA

Diwali joy, far away from home

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Around 400 international students from nearly 50 countries celebrated Diwali at Lucknow University during 'Deepotsav 2026', organised jointly by Acharya Narendra Dev International Boys' Hostel and Birbal Sahni Girls' Hostel on Wednesday.



International students of LU

For students away from home, the celebrations offered an opportunity to experience Indian traditions and festive warmth. "Lighting diyas, performing puja and celebrating with friends from different countries makes us feel welcomed," said Kwanjira Duphor from Thailand. Shekeib Lodin from Afghanistan said sharing sweets and festive moments made the occasion special.

TIMES OF INDIA

Arts students earn making Diwali decor

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Giving festive shopping an artistic touch, students of Lucknow University's College of Fine Arts and Craft are displaying handmade Diwali gifts and decor, turning classroom skills into a small entrepreneurial venture. Their collections include hand-painted diyas, miniature clay sculptures, ceramic jewellery dishes, macrame hangings, customised trays, illustrated bookmarks and upcycled decor, offering alternatives to mass-produced festive merchandise.

The initiative has earned



CREATIVE CRAFT

students Rs 6,000 in festive sales so far, with customised decor and small gifting items attracting buyers.

"We wanted to create things that people actually use or gift rather than make objects that remain inside classrooms, and every piece is hand-finished and has a distinct identity," said student Aisha Katiyar.

Students are also using Instagram and Facebook photographs and reels to market their collections beyond physical displays. Customers can place customised orders through direct messages or website links in social media bios, student Rashmi Singh said.

AAJ

कुलपति ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों संग मनाई दीपावली

50 देशों के करीब 400 अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ किया प्रतिभाग

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)।



लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विदेशी छात्र छात्राओं ने प्रकाशपर्व दीवाली का बड़े उत्साह के साथ दीपोत्सव-2026 के नाम से आगाज किया । कुलपति प्रो.जय प्रकाश सैनी ने वैश्विक सद्भाव की भावना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रूप से आचार्य नरेंद्र देव इंटरनेशनल बॉयज हॉस्टल और बीरबल साहनी गर्ल्स हॉस्टल द्वारा किया गया था। कुलपति प्रो जय प्रकाश सैनी ने विधि-विधान से लक्ष्मी-गणेश पूजन किया और दीपावली के पावन अवसर पर अंतरराष्ट्रीय छात्रों तथा विश्वविद्यालय समुदाय के सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि दीपावली जैसे त्योहार विभिन्न संस्कृतियों के बीच एक सेतु का काम करते हैं। ये आपसी समझ, मित्रता और वैश्विक सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने भारतीय परंपराओं को अपनाने और विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक जीवन में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय छात्रों के उत्साह की सराहना की। इस आयोजन में लगभग 50 देशों के करीब 400 अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो अमिता कनौजिया अंतरराष्ट्रीय सहयोग निदेशक और अंतरराष्ट्रीय छात्र सलाहकार प्रो आर पी सिंह, चीफ प्रोवोस्ट प्रो आशीष अवस्थीय बीरबल साहनी गर्ल्स हॉस्टल की प्रोवोस्ट प्रो मनीषा शुक्ला, प्रॉक्टर प्रो राकेश द्विवेदी और वर्क्स सुपरिंटेंडेंट प्रो विनीत कुमार वर्मा शामिल विश्वविद्यालय के सभी हॉस्टलों के प्रोवोस्ट अन्य अधिकारी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे और छात्रों के साथ मिलकर उत्सव मनाया। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए एक समावेशी माहौल प्रदान करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दीपोत्सव जैसे आयोजन विभिन्न देशों के छात्रों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जानने और मित्रता तथा अंतर-सांस्कृतिक समझ को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में पारंपरिक उत्सव, सांस्कृतिक संवाद और सामूहिक सांस्कृतिक प्रोग्राम हुए ।

एलयू में छह नवम्बर से 11 नवम्बर तक रहेगा अवकाश

लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में छह नवम्बर से लेकर 11 नवम्बर तक पूर्ण अवकाश रहेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी निर्देश में दीपावली के उपलक्ष्य में छह दिन का अवकाश घोषित किया है इस दौरान शैक्षणिक कार्यों के साथ साथ सभी कार्यालय भी बंद रहेंगे।

AAJ

एलयू को क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारत में मिला 124वां स्थान

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी अकादमिक गुणवत्ता और शोध क्षमता को पुन: प्रमाणित करते हुए प्रतिष्ठित 'क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में उल्लेखनीय प्रदर्शन दर्ज किया है। अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग एजेंसी क्यूएस द्वारा जारी ताजा नतीजों में लखनऊ विश्वविद्यालय को एशिया में '801-850 बैंड' में स्थान दिया गया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर '124वीं रैंक' तथा दक्षिण एशिया में 247वां स्थान प्राप्त कर महाद्वीप के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में अपनी स्थिति और सुदृढ़ की है। रैंकिंग के विस्तृत विश्लेषण के अनुसार, सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही है कि लखनऊ विश्वविद्यालय अब एशिया के 50 प्रतिशत से अधिक उच्च शिक्षण संस्थानों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। विश्वविद्यालय ने एशिया के 50.8 प्रतिशत रैंक प्राप्त संस्थानों को पीछे छोड़ दिया है जो कि पिछले संस्करण के 48.6 प्रतिशत के मुकाबले एक सशक्त और सकारात्मक वृद्धि को दर्शाता है।

VOICE OF LUCKNOW

एशिया के 50.8% संस्थानों से आगे निकला लविवि

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर अकादमिक गुणवत्ता को पुनः प्रमाणित करते हुए प्रतिष्ठित 'क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027' में उल्लेखनीय प्रदर्शन दर्ज किया है। अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग एजेंसी क्यूएस द्वारा जारी नतीजों में विश्वविद्यालय को एशिया में 801-850 बैंड में स्थान दिया गया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर 124वीं रैंक तथा दक्षिण एशिया में 247वां स्थान प्राप्त कर महाद्वीप के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में अपनी स्थिति और सुदृढ़ की है।

रैंकिंग के विस्तृत विश्लेषण के अनुसार, सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही है कि लविवि अब एशिया के 50 प्रतिशत से अधिक उच्च शिक्षण संस्थानों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। विश्वविद्यालय ने एशिया के 50.8% रैंक प्राप्त संस्थानों को पीछे छोड़ दिया है, जो कि पिछले संस्करण के 48.6% के मुकाबले एक सशक्त और सकारात्मक वृद्धि को दर्शाता है।

VOICE OF LUCKNOW

कुलपति ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों संग मनायी दिवाली



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विदेशी छात्र छात्राओं ने प्रकाशपर्व दीवाली को 'दीपोत्सव 2026' के नाम से आगाज किया। कुलपति प्रो जय प्रकाश सैनी ने वैश्विक सद्भाव की भावना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रूप से 'आचार्य नरेंद्र देव इंटरनेशनल बॉयज हॉस्टल' और 'बीरबल साहनी गर्ल्स हॉस्टल' द्वारा किया गया था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने विधि-विधान से लक्ष्मी-गणेश पूजन किया और दीपावली के पावन अवसर पर अंतरराष्ट्रीय छात्रों तथा विश्वविद्यालय समुदाय के सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

AMAR UJALA

लविवि में छह दिन रहेगा अवकाश

लखनऊ। लखनऊ विवि और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में दीपावली के अवसर पर छह से 11 नवंबर तक अवकाश घोषित किया गया है। कुलपति के आदेश पर कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी किया है। हालांकि, इस दौरान पहले से निर्धारित परीक्षाएं और कार्यक्रम यथावत होंगे। वहीं, छह, सात और 10 नवंबर को विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक ऑनलाइन माध्यम से कक्षाएं संचालित करेंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)